web : www.nyaysakshi.com

पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 27 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-32

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम रानिल विक्रमसिंघे बर्खास्त, महिंदा राजपक्षे नए पीएम

**श्रीलंका में बड़ा राजनीतिक बवाल**

कोलंबो (आरएनएस)। पड़ोसी देश श्री लंका में शुक्रवार को प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को पद से हटाए जाने के बाद बड़ा राजनीतिक बवाल शुरू हो चुका है। राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना ने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को बर्खास्त कर पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। दूसरी तरफ, विक्रमसिंघे ने खुद को हटाए जाने को गैरकानूनी बताया है और कहा है कि वह इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देंगे। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब सिरिसेना की पार्टी ने शुक्रवार को रानिल विक्रमसिंघे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री के हवाले से मीडिया ने यह जानकारी दी।

### जहरीली हुई राजधानी की हवा

**नवंबर के 10 दिन होंगे खतरनाक**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में दिवाली के पहले और उसके बाद हवा काफी जहरीली हो सकती है। सेंट्रल पलूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी)के नेतृत्व वाले टास्क फोर्स ने कहा है कि राजधानी में हवा की धीमी गति के कारण प्रदूषण बढ़ सकता है। ऐसे में नवंबर के पहले 10 दिनों तक यहां के निवासियों को वॉकिंग और जॉगिंग से दूर रहना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर के नौगाम में सीआईएसएफ जवानों पर आतंकी हमला, एक जवान शहीद

जम्मू। कश्मीर के नौगाम में आतंकियों ने सीआईएसएफ के जवानों को निशाना बनाते हुए उन पर हमला किया। आतंकियों ने जवानों पर ग्रेनेड से हमला किया जिसमें एक एएसआई राजेश कुमार शहीद हो गए. आतंकियों ने यह हमला आधी रात को किया. सीआईएसएफ की जिस टीम पर हमला किया गया है वो पावर ग्रिड की सुरक्षा में तैनात थी. घटना के बाद सेना द्वारा इलाके की घेराबंदी कर ली गई है. इससे पहले 25 अक्टूबर को ही सुरक्षाबलों के एक्शन से बौखलाए आतंकियों ने सेना के एक कैंप हमला कर दिया था. दक्षिणी कश्मीर में त्राल में सेना के कैंप पर हुए इस हमले में सेना का एक जवान शहीद हो गया था और एक जवान गंभीर रूप से घायल हुआ था. इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी. वहीं 18 अक्टूबर की रात में भी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट कर सुरक्षाबलों को निशाना बनाया था. इस हमले में सेना के 7 जवान घायल हो गए थे. यह आतंकी हमला भी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने किया था.

### छत्तीसगढ़ में दीपावली के पर्व पर रात 8 से 10 तक ही पटाखा फोड़ने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिये

रायपुर। दिवाली पर रात 8 से 10 तक ही पटाखा फोड़ने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखते हुए दीपावली पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक संबंधित इलाकों में थाना प्रभारी अपने-अपने इलाकों में पेट्रोलिंग करेंगे। रात्रि 10 बजे के बाद पटाखा फोड़ने वालों पर राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ नगर निगम, स्थानीय निकाय और उस क्षेत्र के थाना प्रभारी की टीम कार्रवाई की जाएगी।आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी गई।

### ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में सांसद वीणा देवी के बेटे की मौत

ग्रेटर नोएडा। लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद वीणा देवी के बेटे आशुतोष की आज सुबह ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक कार दुर्घटना में मौत हो गयी।

# पत्थरबाजी में एक जवान शहीद हो जाता है और लोग कहते हैं उन्हें आतंकी न माना जाए: रावत



श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर घाटी में पत्थरबाजी के चलते जवान के शहीद होने के बाद से माहौल गरमाया हुआ है। थलसेना अध्यक्ष बिपिन सिंह रावत का कहना है कि पत्थरबाजों के हमले से एक जवान शहीद हो गया और तब भी लोग कहते हैं कि पत्थरबाजों को आतंकियों का सहयोगी (ओवर ग्राउंड वर्कर्स) न समझा जाए। आर्मी चीफ ने कहा कि पत्थरबाजों के हमले में शहीद हुआ जवान सड़क बना रही बॉर्डर रोड टीम की रक्षा कर रहा था। रावत ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि भारतीय सेना उससे निपटने के लिए दूसरे विकल्प अपनाने में पूरी तरह सक्षम है। बता दें कि गुरुवार को सीमा संगठन (बीआरओ) के काफिले को सुरक्षा प्रदान कर रहे जवान राजेंद्र सिंह पर हमला उस वक्त हुआ, जब काफिला एनएच 44 के पास अनंतनाग बाइपास तिराहे से गुजर रहा था।

मामले में सेना ने दर्ज कराई एफआईआर इस दौरान कुछ युवकों ने वाहन पर पथराव किया और सिर पर पत्थर लगने से राजेंद्र घायल हो गए थे।

इसके बाद राजेंद्र सिंह को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई और 92 बेस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना पर नाराजगी जताते हुए आर्मी चीफ बिपिन रावत ने कहा, एक सीमा रोड टीम जो सड़कों का निर्माण कर रही थी उसे सुरक्षा देने वाले जवान की पत्थरबाजों के हमले से मौत हो गई। उसके बाद भी कुछ लोग कहते हैं कि पत्थरबाजों को आतंकियों की ओजीडब्ल्यू (ओवर ग्राउंड वर्कर्स) की तरह व्यवहार न किया। उन्होंने आगे कहा, हमने मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। बिपिन रावत ने कहा कि बॉर्डर वहां हथियार बनाने के लिए नहीं, सड़क और पुल निर्माण के लिए है।

**पाकिस्तान के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे**

आर्मी चीफ ने पाकिस्तान पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान अच्छे से जानता है कि अपने मंसूबों में वह कभी सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, आतंक उनके लिए, दूसरा रास्ता है ताकि मुद्दा गरम रहे। वह कश्मीर में विकास को रोकना चाहते हैं लेकिन भारतीय राज्य इन सबका जवाब देने के लिए मजबूत है और हम अलग-अलग ऑपरेशन चलाने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं।

उत्तराखंड के बडेना गांव निवासी राजेंद्र सिंह 2016 में सेना में भर्ती हुए थे और उनके परिवार में उनके माता-पिता हैं। राजेंद्र चिक रियेक्शन टीम (क्यूआरटी) के सदस्य थे। उन्हें सिर पर तेजी से पत्थर लगा था।

## देश का पैसा लेकर भागे भगोड़ों को भारत लाया जाएगा - राजनाथ सिंह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत से पैसा लेकर भागने वाले लोगों को वापस भारत लाया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि उन लोगों को आर्थिक भगोड़ा कानून के तहत वापस भारत लाया जाएगा। गृहमंत्री ने लखनऊ में रेलवे प्रदेशिक प्राइमरी सहकारी बैंक के सौ वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पैसा लेकर विदेश भागने वालों को वापस भारत आना ही होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सारी संपत्ति भी जब्त की जाएगी। लखनऊ में गृहमंत्री ने कहा, 'जो लोग देश से पैसा लेकर भागे हैं, हमने उनके खिलाफ पहले से ही अध्यादेश लाकर आर्थिक भगोड़ा अपराधी विधेयक पास कर दिया है। मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि जो भी देश का पैसा लेकर भागे हैं, उन्हें वापस लाया जाएगा और उनकी संपत्ति भी जब्त होगी।' राजनाथ सिंह ने कहा कि जो भी पैसा लेकर भागे हैं, वह इस की जनता का पैसा है।

आर्थिक भगोड़ा अपराधी विधेयक इसी साल जुलाई में संसद में पास हुआ था। इस बिल के मुताबिक, जो भी देश का पैसा लेकर विदेश भागे हैं, उन भगोड़ों की संपत्ति जब्त होनी चाहिए और कानूनी कार्रवाई के तहत सरकार उन्हें भारत प्रत्यर्पण करेगी।

## रक्षा मंत्रालय के ट्वीट से सेना नाराज

**प्रवक्ता को भेजा छुट्टी पर**




नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्रालय को शुक्रवार को एक असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। मंत्रालय की प्रवक्ता स्वर्णश्री राव राजशेखर ने पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश की एक टिप्पणी के जवाब में गलती से एक ट्वीट पोस्ट कर सैन्य अधिकारियों द्वारा विशेषाधिकारों का दुरुपयोग की आलोचना कर दी। स्वर्णश्री राव राजशेखर की ट्वीट पर हंगामा होने के बाद शुक्रवार को वह छुट्टी पर चली गईं। रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट किया, कर्नल अमन आनंद रक्षा मंत्रालय के कार्यवाहक आधिकारिक प्रवक्ता होंगे क्योंकि प्रवक्ता अवकाश पर चली गई हैं।

सूत्रों का कहना है कि ट्वीट के बाद उत्पन्न असहज स्थिति के कारण राजशेखर को अवकाश पर जाने को कहा गया है। राजशेखर के ट्वीट पर पूर्व सैन्य अधिकारियों ने तीखी प्रतिक्रिया की। इसके बाद उन्होंने ट्वीट हटाते हुए कहा, ट्वीट गलती से हो गया और इसके लिए बहुत खेद है।

इससे पहले, ऐडमिरल प्रकाश ने एक तस्वीर रीट्वीट की थी जिसमें सेना की पश्चिमी कमान के आंतरिक वित्तीय सलाहकार की आधिकारिक कार की बोनट पर एक सैन्य ध्वज दिखाया गया था।

प्रकाश ने ट्वीट किया, हालांकि, किसी असैन्य व्यक्ति द्वारा सेना कमान के चिह्न का दुरुपयोग संज्ञेय अपराध नहीं है, इस शख्स को 'जीओसी इन सी' द्वारा फटकार लगाए जाने की जरूरत है, जिसके वह वित्तीय सलाहकार हैं। पूर्व नौसेना प्रमुख की टिप्पणी पर जवाब देते हुए राजशेखर ने ट्वीट किया, अधिकारी रहने के दौरान आपके आवास में जवानों के साथ हुए दुरुपयोग का क्या कहेंगे सर? और फौजी गाड़ियों में बच्चों को स्कूल छोड़ने एवं वापस घर लाने पर क्या कहेंगे? सरकारी गाड़ियों से मैडम के शॉपिंग करने के लिए जाने की बात नहीं भूलिए। और वे अंतहीन पार्टियां करना...उनके लिए कौन भुगतान करता है।

बाद में राजशेखर ने ट्वीट हटा दिया। वह रक्षा लेखा सेवा की अधिकारी हैं। कई पूर्व सैन्य अधिकारियों ने 72 वर्षीय ऐडमिरल प्रकाश को दिए उनके जवाब पर तीखी प्रतिक्रिया जताई। प्रकाश जुलाई 2004 और अक्टूबर 2006 के बीच चीफ ऑफ नेवी स्टाफ थे।

## पाकिस्तान में 14 प्रतिबंधित आतंकवादियों को मृत्युदंड



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह के 14 आतंकवादियों को मृत्युदंड देने की पुष्टि की है। सेना ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सैन्य अदालत द्वारा आठ अन्य को जेल भेजा गया।

ये आतंकवादी सशस्त्र सेना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमला करने के अलावा, निर्दोष लोगों को मारने, पाकिस्तानी संस्थानों और पाकिस्तान टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (पीटीडीसी) होटल को क्षतिग्रस्त करने के जिम्मेदार हैं।

सूत्रों ने पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई के बयान के हवाले से कहा, उन्होंने 22 लोगों की हत्या कर दी, जिसमें तीन नागरिक और 19 सुरक्षाबल शामिल हैं।

## बिजली के तारों की चपेट में आने से 7 हाथियों की मौत

ढेंकनाल। ओडिशा के ढेंकनाल जिले के कमलांगा गांव में करंट की चपेट में आने से सात हाथियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने सुबह नहर में हाथियों के शवों को देखा। बताया जा रहा है कि हाथी बिजली के एक तार के करीब चले गए। जिसके बाद उन्हें करंट लग गया। ग्रामीणों ने वन विभाग को इस बारे में जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक हाथियों का समूह कमालंगा गांव के खेतों से होकर गुजर रहा था तभी वह हाई वोल्टेज तारों के संपर्क में आ गए। रेलवे ट्रैक बनाने के लिए यह तार बिछाए गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि तार की ऊंचाई 15 फीट होनी चाहिए लेकिन उसकी ऊंचाई केवल 8 फीट रखी गई जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

## केदारनाथ से मिले 700 नरकंकाल

**वारिस ढूंढने के लिए 3380 लोगों का होगा डीएनए टेस्ट**



देहरादून (आरएनएस)। केदारनाथ त्रासदी क्षेत्र से मिल रहे नर कंकालों के वारिस खोजने को पुलिस ने एक और प्रयास किया है। पुलिस ने उन सभी 3380 लोगों को पत्र लिखकर डीएनए टेस्ट कराने को कहा है जिन्होंने अपने परिजनों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दरअसल, पुलिस को अबतक 700 के करीब नर कंकाल मिले हैं। इसी नर कंकालों की पहचान के लिए पुलिस ने यह अभियान चलाया है। उत्तराखंड पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अबतक मिले सभी नर कंकालों का डीएनए टेस्ट कराने के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

जून-2013 में केदारनाथ में आए जल प्रलय से हजारों लोग काल के ग्रास बन गए थे। सरकार ने त्रासदी के बाद वहां से मिले शवों को बरामद कर उनका डीएनए टेस्ट कराया था, ताकि उनके परिजनों से मैचिंग कराई जा सके। कुछ दिन बाद देशभर से लगभग 3380 लोगों ने अपने परिजनों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

इसके बाद समय-समय पर त्रासदी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाए गए, जिनमें 677 नर कंकाल और शव बरामद हुए थे। इन सभी का डीएनए टेस्ट कराया गया लेकिन इनमें से कुछ के ही परिजनों से डीएनए मैच हो पाया है। इस पर पिछले साल दिसंबर में हाईकोर्ट ने भी फिर से सर्च ऑपरेशन चलाने के आदेश दिए।

हाईकोर्ट के आदेशों के बाद इसी माह पांच आईपीएस के नेतृत्व में टीमें गठित कर ऑपरेशन शुरू किया गया। इस बार भी 21 कंकाल बरामद हुए और उनका डीएनए सैंपल लेकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। ऐसे में अब तक लगभग 700 कंकाल और शव त्रासदी क्षेत्र से बरामद हो चुके हैं। इनके वारिस तलाशने के लिए पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कराने वाले परिजनों को चिट्ठी लिखकर डीएनए टेस्ट कराने का आग्रह किया है। अब देखने वाली बात यह है कि आखिर पुलिस का यह प्रयास सफल हो पाएगा या नहीं।

## सुको के निर्णय का समर्थन करने वाले संत के आश्रम पर हमला

**सबरीमाला विवाद**



तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल के तिरुअंतपुरम में एक आश्रम पर शुक्रवार देर रात हमला किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार आश्रम को आग के हवाले कर दिया गया है। आश्रम को चलाने वाले संत ने पिछले दिनों सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया था। स्वामी संदीपानंद गिरी का ये आश्रम तिरुअंतपुरम के बहारी इलाके में है। आश्रम के बाहर अज्ञात लोगों ने रात करीब ढाई बजे दो कार और एक स्कुटर को आग के हवाले कर दिया। हमलावर आग लगाकर घटनास्थल से फरार हो गए।

केरल के सीएम पिनराई विजयन ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। मुख्यमंत्री विजयन ने अपने फेसबुक पोस्ट पर कहा है कि लोगों के विचार अलग हो सकते हैं लेकिन किसी को भी कानून से खिलवाड़ करने की ज़रुरत नहीं है। सीएम विजयन के मुताबिक दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच केरल के वित्त मंत्री टीएम थॉमस इसाक ने इस हमले के लिए संघ परिवार को ज़िम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, वो लोग कानून को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं को जाने की इजाजत दे दी थी। कोर्ट ने कहा था कि महिलाओं को मंदिर में घुसने की इजाजत न देना संविधान के अनुच्छेद 25 (धर्म की स्वतंत्रता) का उल्लंघन है। लिंग के आधार पर भक्ति (पूजा-पाठ) में भेदभाव नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का केरल में लगातार विरोध हो रहा है। आश्रम पर हमला इसी विरोध का हिस्सा है।

## राष्ट्रपति पद के लिए 79 उम्मीदवारों की पुष्टि

अबुजा (आरएनएस)। नाइजीरिया के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को मौजूदा राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी समेत 79 उम्मीदवारों के अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनावों में हिस्सा लेने की पुष्टि की। रिपोर्ट के अनुसार, इंडिपेंडेंट नेशनल इलेक्टोरल कमिशन (आईएनईसी) के चेयरमैन महमूद यकुबु ने कहा,देश के द्विसदनीय विधानमंडल (बाइकैमरल लेजिस्लेचर) के लिए 6,352 उम्मीदवारों को भी नामित किया गया है।

2019 आम चुनावों में कुल 91 राजनीतिक पार्टियां हिस्सा लेंगी। यकुबु ने पत्रकारों से कहा कि चुनावों की तैयारी गंभीरता से की जा रही है। उन्होंने कहा, अब चुनाव में 112 दिन बचे हैं। हम समय-सारिणी और सभी गतिविधियों को ईमानदारी से लागू करना जारी रखेंगे। नाइजीरिया में राष्ट्रपति पद के चुनाव फरवरी 2019 में होने वाले हैं।

## बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हुई



अम्मान (आरएनएस)। जॉर्डन में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है जबकि 35 घायल हैं। देश के नागरिक सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को कहा कि कई लोग अभी भी लापता हैं। नागरिक सुरक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि बाढ़ की वजह से गुरुवार को इराक के तीन नागरिकों की मौत हो गई। इसमें दो बच्चे भी शामिल हैं। बाढ़ से मरने वालों में अधिकतर 11 से 13 साल के बच्चे हैं, जो बस में सवार होकर स्कूल पिकनिक पर जा रहे थे कि अचानक उनकी बस बाढ़ में बह गई।